卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 324 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦1 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## शहीदों के सपनों का उत्तराखण्ड हमारा लक्ष्य: धामी

### खटीमा गोलीकाण्ड की बरसी पर सीएम धामी ने किया शहीद आंदोलनकारियों की मूर्तियों का अनावरण

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अजय भट्ट समेत तमाम लोगों ने आज खटीमा गोलीकाण्ड की 29वीं बरसी पर शहीद राज्य आंदोलनकारी स्व. सलीम, भगवान सिंह, प्रताप सिंह, धर्मानंद भट्ट, गोप चन्द्र, परमजीत सिंह, रामपाल सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सात शहीद आंदोलनकारियों की मूर्तियों का अनावरण भी किया। कार्यक्रम में शहीद आंदोलन कारियों को राजकीय सम्मान के साथ सलामी देते हुए उनकी शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए गौरव की बात है कि हम राज्य निर्माण में अपनी आहुति देने वाले शहीदों को सम्मानित कर पा रहे हैं। हमारा लक्ष्य होगा कि प्रदेश को शहीदों के सपनों के अनुरूप विकसित कर पाए। सीएम धामी ने कहा कि आंदोलनकारियों ने लम्बी लड़ाई लड़ी और हंसते हंसते अपना बलिदान किया। हम उनका जितना स्मरण करें उतना कम है। हम भूल नहीं सकते 1 सितम्बर1994 का खटीमा गोलीकाण्ड, उसका दर्द। न हम भूले हैं न भूलेंगे। जिस प्रकार से शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों के उपर गोलियां बरसायी गयी। लाठीचार्ज किया गया। जिसमें सात लोग शहीद हुए। आज का दिन हमारे लिए खुशी का दिन नहीं है। आज का दिन हमें उन सबका स्मरण कराता है कि कितनी कठिन परिस्थितियों में यह राज्य हमको प्राप्त हुआ है। जो हमारे सातों शहीद हैं निश्चित रूप से उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर हमारे राज्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। यह कसक हमारे दिल में हमेशा रहेगी कि हमने अपने अलग राज्य के लिए पुलिस के अत्याचार को सहा। अपने बीच के स्नेहीजनों (शेष पृष्ठ सात पर)





## स्वप्न में बताये स्थान की खुदाई करने पर निकली कान्हा की मूर्ति

### बैकुंठपुर के युवक अनुराग सरकार को स्वप्न में हुए श्री कृष्ण के बाल रूप का दर्शन, मूर्ति के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बैंकुंठपुर निवासी एक युवक को स्वप्न में श्री कृष्ण के बालरूप के दर्शन हुए हैं। यही नहीं बालक को स्वप्न में बताये गये स्थान पर जब खुदाई की गयी तो वहां श्री कृष्ण जी की मूर्ति निकली। खुदाई वाले स्थान पर चन्दन का लेप से बने बच्चे के पैर के निशान भी मिले हैं। मूर्ति के दर्शन और पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। जानकारी के अनुसार सितारगंज तहसील अंतर्गत शक्तिफार्म के ग्रामसभा बैकुंठपुर में अजीबोगरीब मामला चर्चा और कौतूहल का विषय बना हुआ है। साधारण से परिवार में जन्मे 17 वर्षीय अनुराग सरकार के पिता दिलीप सरकार प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी है,और माता ग्रहणी है। अनुराग राजकीय इंटर कालेज शक्तिफार्म में ग्यारहवीं का छात्र है,साथ ही मूर्तिकार और कथा वाचक भी है। शुक्रवार को प्रात:5 बजे अनुराग सरकार की माताजी रोज की तरह सुबह उठते ही दैनिक कार्यो में लग गयी। झाड़ू पोछा के दौरान धीमी रौशनी में कई जगह कुछ चमकता हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर करीब जाकर देखा तो ,छोटे बच्चे के पैरो के निशान दिखाई दिये। जिसमें चन्दन का लेप था। यह देखकर अनुराग की की मां हैरान रह गयी। उन्होंने आनन–फानन में अपने सत्रह वर्षीय पुत्र अनुराग सरकार को आवाज दी और बाहर मंदिर के पास आने को कहा। जैसे ही अनुराग मंदिर के पास पहुचा और पग चिन्ह देखा तो वो भी हैरान हो गया। उसने मां से कहा कि यह मेरे गोपाल के पैरो के निशान है। उसने मां को जो बात बतायी उससे मां भी अचरज में पड़ गयी। अनुराग ने बताया कि मै कुछ दिनों से श्री कृष्ण से सपने में बात करता था और कृष्ण जी कहते थे मै तेरे घर आ रहा हूं, मुझे सपने में बोला है कि मंदिर के सामने एक फिट जमीन के नीचे मैं तुझे मिलूंगा। तब तक आस पास के लोग भी जमा होने लगे। लोगो की मौजूदगी में अनुराग ने एक फिट जमीन को खोदा तो श्री कृष्ण जी की मूर्ति निकली। खबर जब आग की तरह फैली तो अनुराग के घर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। देखते ही देखते बैकुठपुर सहित अन्य गाँव के भी श्रद्धालु श्री कृष्ण के दर्शन के लिए एकत्र होने लगे। लोगो ने दूध,गंगा जल,बेल,फूल ,तुलसी धूप अगरबत्ती लेकर पूजा पाठ शुरु कर दिया।बता दें अनुराग बचपन (शेष पृष्ठ सात पर)







## रोडवेज बस में युवक की बिगड़ी हालत,मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली से अल्मोड़ा जा रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में रोडवेज बस हालत बिगड़ गयी। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अल्मोड़ा के ग्राम लाट निवासी 28 वर्षीय कुंदन राम पुत्र रमेश राम नौएडा में नौकरी करता था। रक्षा बंधन के लिए वह कल दोपहर को वह दिल्ली से अल्मोड़ा के लिए चला था। दिल्ली से वह यूपी रोडवेज की बस में सवार हुआ। रूद्रपुर पहुंचने से पहले बस में उसकी हालत बिगड़ गयी। बस चालक ने रूद्रपुर पहुंचकर कोतवाली गेट पर बस रोक दी और पुलिस को सूचित किया। जिस पर पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एस एस आई अर्जुन गिरी गोस्वामी के मुताबिक मृतक की जेब में मिले परिजनों के नंबरों पर सूचना दी गयी जिसके बाद मृतक का बड़ा भाई बहादुर राम समेत परिवार के अन्य लोग यहां पहुंच गये। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के दो बच्चे हैं। वह नोएडा में प्राइवेट नौकरी करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है।



## दरोगा के खिलाफ पत्रकारों ने खोला मोर्चा

गदरपुर। कवरेज करने के दौरान दरोगा द्वारा मीडिया कर्मियों से अभद्रता के मामले ने तूल पकड़ लिया है। दरोगा को हटाये जाने के लिए पत्रकारों ने मोर्चा खोलते हुए धरना दिया। पत्रकारों ने दरोगा के खिलाफ एक्शन नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। बता दें बीते दिनों कुछ पत्रकार थाने में कवरेज के लिए गये थे, इस दौरान दरोगा पूरन सिंह तोमर ने पत्रकारों से अभद्रता करते हुए उन्हें थाने से जाने को कह दिया। जिससे पत्रकार भड़क गये। मामले में अक्रोशित पत्रकारों ने थानाध्यक्ष राजेश पांडेय से वार्ता कर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लेकिन थानाध्यक्ष द्वारा कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद पत्रकारों ने दरोगा को हटाने की मांग को लेकर थाने में धरना देने का ऐलान किया था। मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी से भी दूरभाष पर वार्ता कर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी लेकिन उन्होंने भी मामले में गंभीरता नहीं दिखायी। जिसके बाद (शेष पृष्ठ 7 पर)



## चेन स्नैचिंग का एक आरोपी दबोचा,दूसरा फरार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चेन स्नैचिंग करके भाग रहे बदमाशों को दबोचने में पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस ने पीछा करते हुए एक को दबोच लिया। जबकि उसका साथी भागने में कामयाब हो गया। पुलिस के मुताबिक छत्तरपुर क्षेत्र दुर्गा एम्पायर निवासी अंकित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 अगस्त शाम को वह पत्नी के साथ नैनीताल रोड पर खड़ा। तभी बाईक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली और भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में टीम गठित की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चैकिंग के दौरान संदिग्ध बाईक सवार को रोकने के प्रयास किया तो बाईक सवार भाग खड़े हुए। पुलिस ने पीछा करते हुए बाईक सवार को घेर लिया। बाईक से एक भागने में सफल हो गया। पुलिस ने एक दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चेन बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम सोहिल खांन पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)



## ठुकराल के समर्थक पर चौकी के सामने भाजपा नेता के भाई ने ताना पिस्टल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवक से मारपीट के मामले में तहरीर देने गये पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के करीबी समर्थक पर चौकी के सामने भाजपा नेता के भाई ने पिस्टल तान दिया। मामले को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। पुलिस को दी तहरीर में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के समर्थक एवं पार्षद का चुनाव लड़ चुके रम्पुरा निवासी बंटी कोली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती रात्रि रम्पुरा के ही कुछ लोगों ने प्रमोद कोली के साथ वाहन को

### पुलिस को सौंपी तहरीर

साइड करने को लेकर मारपीट की थी। मारपीट में प्रमोद कोली घायल हो गया था। बंटी कोली ने बताया कि प्रमोद कोली ने उसे मामले की जानकारी दी तो वह पीड़ित के साथ तहरीर देने के लिए रम्पुरा चौकी पहुंच गया। बंटी कोली के मुताबिक जब वह चौकी में था तभी उसे भाजपा नेता के रम्पुरा निवासी भाई का फोन आया और उसे बाहर बुलाया। पुराना परिचित होने के कारण वह मिलने के लिए बाहर चला गया। तभी बाहर स्कार्पिओ में सवार चार लोग बाहर निकले और हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने तलवार से हमले का प्रयास किया और पिस्टल भी तानी। तभी मौके पर अन्य लोग और पुलिस आ गयी तो उक्त लोग मौके से फरार हो गये। वहीं मामले में प्रमोद कोली की ओर से भी आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गयी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रयासरत : धामी

चम्पावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत के बिरगुल क्षेत्र के रामलीला मैदान दुबचौड़ा लधौली में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र भेंट कर उनकी दीर्घायु की कामना की। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश की नारी शक्ति अपने कार्यों व आत्मविश्वास के बल पर आत्मनिर्भर बनकर अन्य को भी आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण सरकार द्वारा दिया जा रहा है। महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को रसोई गैस में 200 जबकि उज्ज्वला योजना के तहत 400 की कटौती की गई है, जिसका सीधा लाभ लगभग 33 करोड़ महिलाओं व उनके परिजनों को मिलेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान व सशक्तीकरण के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना लागू होने के बाद प्रदेश में इनके 50 लाख रूपये से अधिक उत्पादों की बिक्री हो गई है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने क्षेत्र के विकास हेतु कुल 12 घोषणाएं की। जिसमें केदारनाथ किमाड़ के अंतर्गत आने वाली सड़क का नाम शिक्षाविद्/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित घनश्याम शास्त्री के नाम से करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा क्षेत्र के जनसंघ से जुड़े कार्यकर्ता, वीर शहीदों के परिजनों, पूर्व सैनिक व उनकी वीर नारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती गीता पुष्कर धामी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल मेहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया द्वारा किया गया।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया राखी का त्यौहार

काशीपुर(उद संवाददाता)। वैष्णव जन तो उनको कहिए जो पीर पराई जाणिए। जी हां, जब हम और आप अपनों के साथ भाई और बहन के रिश्तो का त्यौहार मना रहे थे तब उक्त पंक्तियां को साकार करते हुए डी- बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली रामनगर के निकट ग्राम बसई पहुंच कर दिव्यांग बच्चों के साथ राखी का त्यौहार मनाकर हम सबके सामने एक नई मिसाल कायम की। यह बच्चे शरीर से तो लाचार हैं ही साथ ही अपनों के प्यार और दुलार से भी वंचित हैं। कहते हैं ऊपर वाला जो करता है सही करता है मगर यहां आकर विधि की विडंबना और उसका निष्ठुर रूप दोनों दिखाई देते हैं, क्योंकि इन बच्चों में कोई चल नहीं सकता तो कोई दौड़ नहीं सकता। किसी का कान काम नहीं करता तो किसी का दिमाग । ऐसे भी हैं जिनके दोनों हाथ और दोनों पैर खराब हैं मगर आंखों द्वारा देख कर यह महसूस करते हैं कि कोई आया है। त्योहारों या अन्य अवसरों पर कोई इनके पास आता है तो इन्हें उम्मीदों भरी खुशी होती है कि आज हमारे लिए कुछ अच्छा होगा। इन्हें पैसे नहीं प्यार की जरूरत है । अपनत्व और दुलार की जरूरत है । इनके हालात को देखकर मन में बरबस ही सवाल उठता है कि भंडारा हो तो यहां हो। भरी सर्दी में कंबल बंटे तो इन्हें दिए जाएं और दीपावली पर दीपक जलाए जाएं तो पहले इन बेचारों को भी मिठाई खिलाई जाए ।तब हम कह सकते हैं कि वास्तविक जरूरतमंदों व बेसहारों को मदद करने का हमारा असली प्रयास सार्थक हुआ। डी- बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली कहती हैं कि समाज के सभी कभी-कभी जरूरी नहीं कि हम पैसों से ही किसी की मदद करें, ऐसे बहुत से तरीके हैं जिनके द्वारा हम किसी को खुश रख सकते हैं। किसी की भावनाओं को बांट के अगर हम उसे सुख पहुंचा सकते हैं तो अपने आप में यह भी बहुत बड़ा उपकार है। इन बच्चों से बोला तो नहीं



लोगों को विभिन्न अवसरों पर इन दिव्यांग बच्चों के पास आना चाहिए । इनको अच्छा लगता है जब कोई इनके साथ त्यौहार सेलिब्रेट करता है। यह बेचारे अपने परिवार से दूर है लेकिन हमारे जाने पर इन्हें एक परिवार मिलता है, अत: त्योहार कोई भी हो थोड़ा टाइम निकाल कर हमें इनके साथ भी सेलिब्रेट करना चाहिए। जाता लेकिन इनके मुस्कुराने और आंखों से पता लगता है कि हमारे आने पर यह कितने खुश होते हैं। इसीलिए तो कहा है कि किसी की मुस्कुराहटों पर हो निसार ,किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार, किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार -जीना इसी का नाम है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संदीप डाबर, शिक्षक आदि भी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन मातृशक्ति के सम्मान का भी पर्व: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता) ।बुधवार को राजभवन में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्मकुमारी परिवार की महिलाओं और एसओएस चिल्ड्रन विलेज, भीमताल की बच्चियों ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) को राखी बांधी और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। राज्यपाल ने सभी महिलाओं और बच्चियों को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और पवित्र बंधन के त्यौहार के साथ-साथ मातृशक्ति के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि स्नेह और विश्वास के प्रतीक के रूप में यह त्यौहार सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है।राज्यपाल ने कहा कि यह त्यौहार महिलाओं के हितों के संरक्षण और उनके कल्याण को प्रोत्साहित करने की संकल्पना को मजबूती भी देता है। भी सशक्त बनने के साथ-साथ अपने परिवार, गांव, समाज, प्रदेश एवं देश की उन्नति में अपने पूरे सामर्थ्य से योगदान



उन्होंने महिलाओं को रक्षाबंधन की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा है, कि वे अपनी क्षमताओं को भी बढ़ाएं और स्वयं करें। राज्यपाल ने कहा कि देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास मातृशक्ति की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

# उत्तराखंड में थमा मानसून, चटख धूप से बढ़ा तापमान

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मानसून कमजोर पड़ने के बाद लगभग एक सप्ताह से वर्षा का क्रम थमा हुआ है। दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिल रही है, जिससे तापमान में भी इजाफा दर्ज किया जा रहा है। बीते चार दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल प्रदेश में मौसम का मिजाज इसी प्रकार का बना रहने का अनुमान है। अगले पांच दिन देहरादून समेत गढ़वाल के ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिलने के आसार हैं। जबकि, कुमाऊं में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं बात करें बीते गुरुवार की तो अगस्त माह के आखिरी दिन दून में सुबह से ही आसमान साफ रहा और चटख धूप खिली। हालांकि, दोपहर बाद कहीं-कहीं आंशिक बादल भी मंडराते रहे, लेकिन वर्षा नहीं हुई। पिछले करीब एक सप्ताह से ही दून में मौसम शुष्क है, जिससे तापमान में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। अगस्त के अंतिम दिन दून का पारा 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। अगले कुछ दिन पारा सामान्य से अधिक रह सकता है। इस बीच अगस्त में मानसून कमजोर पड़ने के कारण पूरे माह सामान्य से आठ प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। जिसमें शुरुआती तीन सप्ताह कई जिलों में अत्यधिक वर्षा हुई और अंतिम सप्ताह में प्रदेश में औसत वर्षा सामान्य से आधी रही। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश में अगले पांच दिन ज्यादातर क्षेत्रों में वर्षा के आसार नहीं हैं। गढ़वाल के सभी जिलों में आसमान साफ रहने का अनुमान है। जबकि, कुमाऊं के नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। चारधाम यात्रा का दूसरा चरण 15 सितंबर से जोर पकड़ लेगा, लेकिन चमोली जिले में कमेड़ा से बदरीनाथ धाम तक 160 किमी लंबे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर 25 भूस्खलन क्षेत्र आवाजाही में खलल डाल रहे हैं। इनमें से 10 भूस्खलन क्षेत्र पुराने हैं, जबकि अन्य 15 भूस्खलन क्षेत्र इस बार वर्षाकाल में लगातार वर्षा के चलते विकसित हुए। यहां हल्की वर्षा होते ही पहाड़ियों से मलबा और पत्थर बरसने लगते हैं। इस कारण जून से अब तक राजमार्ग विभिन्न स्थानों पर लगभग 30 घंटे बंद रहा है।

# महिलाओं ने आर्मी कैंट में सेना के जवानों को बांधी राखी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था सदस्य प्रीति आर्या के नेतृत्व में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर भारतीय सेना के जवानों को जवानों का राष्ट्र हित कार्य यह दर्शाता है भारत देश की सुरक्षा के साथ देश की उन्नति के लिए हमेशा कार्य कर रहे है। इसलिए हमें अपने सेना के जवानों रिंकी गुप्ता, पूजा जोशी, जानकी रैगाई, पूनम गुप्ता, अंशिका साहू, काजल आर्या, लक्ष्मी हालदार, निकिता साहू, प्रीति गुप्ता आदि शामिल थीं। इस



आर्मी कैंट में महिलाओ ने राखी बांध कर जवानों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय सेना के के साथ मिलकर त्यौहार मनाना चाहिए। जवानों को राखी बांधने में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की पूजा लटवाल, प्रीति आर्या, पूर्णिमा रजवार, दौरान बलराम हालदार, हेमन्त साहू, अरविन्द कुमार, रितिक साहू,अमन कुमार, रोहतास प्रजापति, सुशील राय, मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण में गड़बड़ी पर कंपनी को किया ब्लैकलिस्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी पर इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड (ईपीआईएल) को काली सूची में डाल दिया गया। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने आदेश जारी किए हैं। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट पर शासन ने यह कार्रवाई की है। उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम के माध्यम से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। निर्माणाधीन रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के एक हिस्से में 14 निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच में खराब पाए जाने पर शासन ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के साथ ही निर्माण कार्य के ढांचे को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। आईआईटी रुड़की की जांच में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में खामियां पाई गई थी। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने नियोजन विभाग से निर्माण कार्यों की नामित संस्था क्वालिटी आस्ट्रिया सेंट्रल एशिया से थर्ड पार्टी निर्माणाधीन भवनों के गुणवत्ता जांच कराई। संस्था ने 14 अगस्त 2023 को विभाग को रिपोर्ट सौंपी जिसमें निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर पुनर्निर्माण करने की सिफारिश की थी। बता दें कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों के लिए चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने ईपीआईएल कंपनी को 50 करोड़ की पहली किस्त जारी थी जिसमें कंपनी ने 27 करोड़ रुपये निर्माण कार्यों पर खर्च कर दिए थे। 18.22 करोड़ की राशि कंपनी ने वापस विभाग लौटा दिए थे। कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के बाद शासन ने बकाया 31.78 करोड़ की राशि वसूली करने के आदेश दिए थे। उक्त राशि वापस न करने पर कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी जाएगी। सचिव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम के माध्यम से की जाएगी। कंपनी से बकाया राशि की वसूली की जाएगी।

# सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के तृतीय वर्ष के फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने स्योर एंड क्योर प्राइवेट लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। स्योर एंड क्योर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी विभिन्न प्रकार के ठोस और अर्धठोस दवाईयों का निर्माण करती है। यह कंपनी टेबलेट, सिरप आदि का निर्माण करती है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच. आर. व विशेष एक्सपर्ट द्वारा कराया गया जिसमे उन्होंने स्टोरेज एरिया, क्वालिटी चेक एवं मशीनों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी और अनेक प्रकार की उपयोग एवं उससे सम्बंधित जानकारी दी। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की शिक्षक रोहित सिंह पडियार के निर्देशन



में हुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा , प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, प्राचार्य डॉ. विजय सिंह, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी। दवाईयों को बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया, साथ ही साथ दवाइयों के उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गयी। छात्र-छात्राओं के

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने कैदियों को बांधी राखी

सितारगंज (उद संवाददाता)। केन्द्रीय कारागार सम्पूर्णानंद शिविर में कैदियों एवं पुलिस स्टाफ के लिए रक्षा बंधन का कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। वहां उपस्थित सभी लोगों को निर्मल दीदी ने परमपिता शिव परमात्मा का सत्य परिचय दिया गया और सभी को सेवा केंद्र प्रभारी सरोज दीदी ने



सभी को राजयोग मेडिटेशन द्वारा सभी को सच्ची शांति की अनूभूति भी कराई। इसके पश्चात् सभी को रक्षासूत्र बांधा गया और सभी को अपने जीवन को पवित्र श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रतिज्ञा भी करवाई। इस अवसर पर बी के वीना साहू, ईशा गुप्ता, सुनील भाई, ज्योति अग्रवाल, राजयोगी तिलक राज आदि उपस्थित थे।

# धमकी के खिलाफ पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किच्छा( उद संवाददाता)।पत्रकार राजीव चावला को धमकाने के प्रकरण को लेकर नगर के तमाम पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। उप जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है। रुद्रपुर के पत्रकार चावला द्वारा विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों के विरुद्ध लगातार



समाचार संपादन करने के कारण इस कार्य में लगे लोगों द्वारा चावला को धमकाया जा रहा है तथा तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए जा रहे थे किंतु जब मुहिम चालू रखी तो धमकाने का प्रयास शुरू कर दिया है यही नहीं विदेश से भी धमकी भरे फोन कॉल आ रहे हैं। पत्रकारों ने सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों राज सक्सैना, शिवम शर्मा,सुनील कुमार,मुमताज, नाहिद खान वेद प्रकाश, आदि लोग मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
एक हेल्पर की ऑफिस कार्य हेतु। वेतन योग्यतानुसार
-:सम्पर्क करें:-
9897064707

आवश्यकता है
बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एचडीएफसी बैंक के कलैक्शन हेतु जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर आदि के लिए युवकों की। जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
शैक्षिक योग्यता-: न्यूनतम इंटरमीडिएट बायोडाटा तथा समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र के साथ सम्पर्क करें।
Meerut Collection Center B-38 Adarsh Calony Near Balaji Mandir Rudrapur
Mo.9756290004,7668534391,8057772107

# बहनों ने बाँधा भाइयो के कलाई में स्नेह का बंधन

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। समूचे क्षेत्र तमें राखी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। वहीं भाईयों ने उम्र भर रक्षा करने के वादे के साथ स्नेह और आशीर्वाद दिया। सुबह से मैन मार्केट में लोगो का आना जाना शुरु हो गया था। बाजार में भीड़ उमड़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। बहनों ने राखी, कपड़े ,मिठाई आदि की खूब खरीदारी की वही भाइयो ने भी उपहार खरीदे। गुरूवार प्रात: 5 बजे से राखी बांधने का सिलसिला शुरु हुआ। असमजस में कुछ लोगो ने 7 बजे तक ही त्यौहार मनाया व कुछ लोग शाम तक त्यौहार मनाते रहे।



# वनवासी छात्रावास में धूमधाम से मना रक्षाबंधन पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी संजय ठुकराल ने अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प संस्थान वनवासी छात्रावास जगतपुरा पहुंचकर छात्राओं से रक्षा सूत्र बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस दौरान छात्राओं ने रक्षासूत्र बांधकर संजय ठुकराल के दीर्घायु एवं खुशहाल जीवन की कामना की। संजय ठुकराल ने भी सभी छात्राओं को रक्षा का वचन दिया।



इस दौरान छात्राओं ने रक्षाबंधन के गीत भी गाये। इस अवसर पर संजय ठुकराल ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व भाई बहन के स्नेह और अटूट प्रेम का पर्व है। स्नेह और विश्वास के प्रतीक के रूप में यह त्यौहार सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है। यह त्यौहार महिलाओं के हितों के संरक्षण और उनके कल्याण को प्रोत्साहित करने की संकल्पना को मजबूती भी देता है। इस अवसर पर छात्रावास की प्रभारी वर्षा घरोटे भी मौजूद रही।

# पांच मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी जन्माष्टमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पांच मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी इस बार भी धूमधाम से मनाई जायेगी। इस मौके पर भव्य झांकिया सजायी जायेगी। जानकारी देते हुए समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने बताया कि जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पांच मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन जारी है। जिसका भेग 6 सितम्बर को प्रात: दस बजे पड़ेगा। इसी दिन प्रभु श्री कृष्ण की झांकियों की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जन्माष्टमी के लिए पांच मंदिर में तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गयी है। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। तैयारियों में हरिचंद्र मिड्ढा, बल्देव राज खेड़ा, महेश बब्बर, नरेश कुमार सेठ, दीपक अरोरा, हरीश सुखीजा, राकेश सुखीजा, सीताराम, अजय ठुकराल, कीर्ति बाबू, ओमप्रकाश अरोरा, भूपेन्द्र अनेजा, दीपक गुगलानी आदि लोग जुटे हैं।

# ट्रांजिट कैम्प थाने में हजारों लोगों का हुआ सत्यापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लगातार बढ़ रहे अपराधों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा चलाया जा रहा सत्यापन अभियान लगातार जारी है। ट्रांजिट कैम्प थाने में पिछले कई दिनों से जारी अभियान में अब तक 19 हजार से अधिक लोगों के सत्यापन कराये जा चुके हैं। अभियान लगातार जारी है। पुलिस के मुताबिक अभियान में अब तक 19 हजार से अधिक ऑनलाइन और ऑफलाइन सत्यापन किये जा चुके हैं। इसके अलावा टुक टुक और ऑटो चालकों का भी सत्यापन



किया जा रहा है। जिसमें 410 ऑटो चालकों को एनओसी जारी की गयी है। थाना प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि सत्यापन अभियान से आपराधिक घटनाओं में पर लगाम लगेगी। उन्होंने बताया कि सत्यापन नहीं कराने पर अब तक 519 किरायेदारों का चालान किया जा चुका है। जिसके तहत 52 लाख का अर्थदण्ड वसूल किया गया है। उन्होंने कहा कि सत्यापन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ऊधमसिंह नगर में बेखौफ अपराधी ,अगस्त में 7 मर्डर

उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में लगातार अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले काफी समय से ऊधमसिंह नगर मे एक के बाद एक हत्या, चोरी, अपहरण और लूटपाट की घटनाएं इस बात को सिद्ध करती हैं कि उत्तराखंड की आर्थिक राजधानी कहे



जाने वाला ऊधमसिंह नगर मे पुलिस का डर अपराधियों में खत्म हो गया है। उधमसिंह नगर में हत्या जैसे जघन्य अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पुलिस इसको रोक पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। पुलिस इन मामलों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपाने में लगी है लेकिन क्या केवल पुलिस द्वारा हत्या जैसे मामलों का खुलासा करना ही पर्याप्त है या पुलिस को ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कोई सख्त कदम उठाने की जरुरत है। कुमाऊं मंडल के प्रवेश द्वार ऊधमसघ्ंिह नगर में सिडकुल स्थापना के बाद से जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई। नौकरी की तलाश में बाहरी युवा भी बड़ी संख्या में यहां आए। तेजी से पैसा आया तो शातिर अपराधियों की नजर भी उधमसिंह नगर पर टिक गई। दूसरे प्रदेशों में आपराधिक घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए अपराधी उधमसिंह नगर में शरण ले रहे हैं। यह उनके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है। मौका मिलने पर वह यहां भी अपराधिक वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। पुलिस प्रशासन का कार्य जनता की सुरक्षा और सहायता करना है, परंतु वर्तमान संदर्भ में देखें तो आए दिन हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। जिले में मामूली बात पर फायरिंग या मर्डर जैसी घटनाओं का होना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। अगस्त महीने में ही 07 मर्डर की घटना होना एक गंभीर चिंतन का विषय है। अगस्त महीने की शुरुआत ही बड़ी घटना के साथ हुई जब रुद्रपुर में 03 अगस्त, 2023 को पति पत्नी को मौत के घाट उतार दिया गया था जिससे शहर में सनसनी फैल गई थी। मृतक महिला की मां को भी हमलावर ने गंभीर रुप से घायल कर दिया था। यह मामला अभी खुला भी नही कि रुद्रपुर की खेड़ा बस्ती में 04 अगस्त को अज्ञात युवक शव मिलने से हड़कंप मचा गया। इन घटनाओं पर रोक के प्रयास में एसएसपी मंजुनाथ टीसी ने 06 अगस्त, 2023 को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए 112 एएसआई, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों के एक साथ तबादले कर दिए गए लेकिन इससे भी आपराधिक घटनाओं में कोई कमी होती नजर नहीं आई। एसएसपी द्वारा इतनी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों के एक साथ ट्रांसफर के अगले ही दिन 07 अगस्त को प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। रुद्रपुर के प्रीत विहार क्षेत्र में 11 अगस्त, 2023 को पड़ोसियों से मामूली सी कहासुनी होने के बाद युवक की हत्या कर दी गयी और आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। 18 अगस्त, 2023 को नानकमता में घर के बरामदे में सोने को लेकर पिता और पुत्र में विवाद हो गया जिसमे पिता ने बेटे को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिए। 24 अगस्त को टांडा जंगल में शव मिलने से सनसनी फैल गई। इस तरह की घटनाओं पर रोक के लिए आवश्यक है कि पुलिस को अपनी कार्य शैली में सुधार करना होगा। समाज के लिए भी यह गंभीर चिंतन का विषय है। मामूली सी कहासुनी के बाद बड़ी घटनाओं का होना सभ्य समाज में जागरूकता के विषय पर ध्यान दिए जाने को बताता है।

**लेखक-सिमरप्रीत सिंह, रूद्रपुर**

# इंस्पिरेशन स्कूल में छात्र प्रतिनिधि मण्डल को दिलाई शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मनमोहक परेड के साथ इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में छात्र प्रतिनिधि मंडल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के हैडबॉय के रूप में कक्षा 12वीं के चिरायु सुंनठा तथा हैडगर्ल के रूप में कक्षा 12वीं की कुमकुम जोशी को विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया व प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने बैज लगाकर अलंकृत किया। विद्यालय के वाइस कैप्टन के रूप में कक्षा ग्यारह की वर्णिका जोशी को चयनित किया गया। पुरूष वर्ग में स्पोर्टस कैप्टन कक्षा 12वीं के करन कम्बोज तथा वाइस कैप्टन के रूप में कक्षा 11वीं के आयुष्मान रावत व महिला वर्ग में स्पोर्टस कैप्टन कक्षा 12वीं की महक शर्मा व वाइस कैप्टन के रूप में कक्षा 11वीं की लक्षिता देउपा को चयनित किया गया। डिसिप्लिन प्रीफेक्ट्स का कार्यभार कक्षा 12वीं के तेजस्व रावत व कक्षा 12 वीं की कनक महेश्वरी को सौंपा गया। कल्चरल क्लब का इंचार्ज कक्षा 12वीं के प्रियांशु तिवारी व त्रिगुणा दास को बनाया गया। इस क्लब के अन्य सदस्यों में कक्षा 12 के रिषभ पाण्डे, नम्रदा मेहरा, श्रुंनसा गुप्ता, रूद्रा बसकेती, कक्षा 11 की कविता लोहनी, विवेक रावत, सौंपा गया जिनमें ब्लू हाउस कैप्टन के रूप में विश्वेश हैड़िया, वाइस कैप्टन प्रनव जोशी तथा प्रीफेक्ट्स के रूप में अभय महर, सायका हुसैन, यशस्वी भण्डारी को चुना गया। ग्रीन हाउस में



कक्षा 10वीं के प्रथम बल्यूटिया, प्रतीति साह, प्रियांशी हिंदवान, प्रियल पाण्डे, गर्विता सुयाल का चयन हुआ। विद्यालय के चार सदनों के लिए कैप्टन, वाइस कैप्टन तथा प्रीफेक्टस का उत्तरदायित्व कैप्टन अभ्युदय ऐरी, वाइस कैप्टन भूमिका पुरोहित व प्रीफेक्ट्स के रूप में मानस सिंह पछाई, वेदान्त बिष्ट, अलंकृता उप्रेती को चयनित किया गया। रेड हाउस में कैप्टन जया पोखरिया, वाइस कैप्टन साहिब सिंह जुब्बल व प्रीफेक्ट्स गर्विता चौधरी, रिद्धिमा ठगुरथी, पावनी हेड़िया को चुना गया। अंतिम सदन अर्थात येलो हाउस कैप्टन अर्श सिद्धिकी, वाइस कैप्टन अक्षत खरखवाल व प्रीफेक्ट्स इशिता नेगी, काव्या वर्मा, भाविन जोशी को उत्तरदायित्व सौंपा गया। हैडगर्ल व हैडबॉय ने अपने उद्‌बोधन में कार्य के प्रति निष्ठावान होने की शपथ ली व अपने कैबिनेट के अन्य सदस्यों को भी रचनात्मक बनने, आत्मविश्वासी व कर्त्तव्यनिष्ठ बनने व विद्यालय के नियमों के प्रति प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया व प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर ने सभी चयनित सदस्यों को बधाई दी व कार्य के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधुमिता दास, श्रीमती हरिप्रिया तिवारी, श्रीमती रीता राठौर, सुमित दास, संजय गोस्वामी, मोहित पंत, गौरव कुमार, नरेन्द्र भण्डारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# पासी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया

पन्तनगर (उद संवाददाता)। पन्तनगर प्रेस क्लब द्वारा एक बैठक आहूत कर पूर्व सांसद बलराज पासी के पिता स्व0 श्री योगराज पासी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। पन्तनगर प्रेस क्लब एवं एन0यू0जे0आई0 के जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने श्री पासी के पिता योगराज पासी द्वारा बाजपुर के विकास एवं समाज सेवा में अहम भूमिका निभाई । जिलाध्यक्ष ने पूर्व सांसद बलराज पासी के पिता स्व0 श्री योगराज पासी के निधन पर दु:ख प्रकट करते हुऐ सभी प्रेस क्लब सदस्यो द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार असलम कोहरा, अर्षी खान,सुरेन्द्र वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, त्रिलोकी शंकर मिश्रा, योगेश पंत आर0एस0वर्मा, उपेन्द्र सिंह, अंगद सिंह, अनिल सिंह, हरपिन्दर सिंह खैरा सहित तमाम पत्रकार उपस्थित थे।

## पत्रकार जोशी को सदस्य बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त

पन्तनगर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जोशी को पत्रकार कल्याण कोष एवं मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना समिति के सदस्य नामित किये जाने पर एन0यू0जे0आई0 के जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव एवं पन्तनगर प्रेस क्लब सहित जिले की ईकाइयों में खुशी ब्यक्त की गयी। खुशी व्यक्त करने वालो में वरिष्ठ पत्रकार मोहन राजपूत, ललित राठौर, नरेन्द्र राठौर, मनीष ग्रोवर, मुकेश गुप्ता, विजय अहूजा, मनोज श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, महेन्द्र पोपली, महेन्द्र आर्या, गुरूबाज सिंह, उसमान अली, ब्रीत सिंह अमन सिंह, असलम कोहरा, अर्शी खान,सुरेन्द्र वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, त्रिलोकी शंकर मिश्रा, योगेश पंत आर0एस0वर्मा, उपेन्द्र सिंह, अंगद सिंह, अनिल सिंह, हरपिन्दर सिंह खैरा सहित तमाम पत्रकार उपस्थित थे।

# पौराणिक धार्मिक स्थलों का संरक्षण कर रही सरकार : धामी

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मां वाराही धाम देवीधुरा में आयोजित ऐतिहासिक बगवाल मेले में किया प्रतिभाग, सड़क मार्ग सहित कई विकास कार्यों की घोषणा





चम्पावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चम्पावत जिले के देवीधुरा स्थित मां वाराही धाम में लगने वाले प्रसिद्ध बगवाल मेले में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने माँ वाराही मंदिर में विधि विधान से पूजार्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की एवं मां वाराही धाम में चार खाम सात थोक के बीच खेले जाने वाले प्रसिद्ध पाषाण युद्ध के साक्षी बने। अपने संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री ने कहां की यह स्थान आध्यात्मिक रूप से जितना समृद्ध है प्राकृतिक रूप से भी उतना ही अधिक मनोरम है। इस अलौकिक भूमि का न केवल ऐतिहासिक महत्व रहा है बल्कि इस क्षेत्र का पौराणिक महत्व भी किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहां की संस्कृति की महानता के विषय में आम लोगों को जागृत करने का काम हमारे ऐतिहासिक मेले करते हैं और बगवाल का यह ऐतिहासिक मेला भी इसी का एक अनुपम उदाहरण है। इस प्रकार के मेले से हमारी लोक संस्कृति और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ हमारे लोक कलाकारों को भी बढ़ावा मिलता है। इस विरासत को संभाले रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मेले हमारे समाज को जोड़ने तथा हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं के बारे में नई पीढ़ी को जागरूक करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में एक सशक्त नेतृत्व वाली सरकार है, जिसके साथ दुनिया का हर देश खड़ा होने को आतुर है। एक और जहां हमारा देश जी-20 जैसे शक्तिशाली समूह की अध्यक्षता कर रहा है वहीं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के लिए अनेक देश भारत का समर्थन भी कर रहे हैं। आज दुनिया के देश भारतीय नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश को एक विश्व शक्ति व विश्व गुरु की ओर अग्रसर ले जा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन पर चलकर प्रदेश सरकार भी उत्तराखंड में धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण और अस्मिता को बचाने के लिए कृत संकल्पित है। सरकार केदारनाथ खंड की भांति कुमाऊं में मानस खंड कॉरिडोर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जिसके अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के सभी प्राचीन मंदिरों का विकास किया जा रहा है। मानसखंड मंदिर माला के अंतर्गत चंपावत के लगभग सभी मंदिर भी शामिल हैं। इससे पूर्व देवीधुरा आगमन पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मेला स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागों के रुसरकारी स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए कहा कि प्रत्येक जनमानस तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इस क्षेत्र में अधिकारी तत्परता से कार्य करें। गुरुवार को पाटी ब्लॉक के मां बाराही धाम देवीधुरा खोलीखांड डुवाचौड़ मैदान पर सुबह प्रधान पुजारी द्वारा पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद 12 बजकर 40 मिनट से एक एक कर सभी चारों खामों तथा सात थोक के बगवालियों का आगमन हुआ। सबसे पहले सफेद पगड़ी में वालिक खाम ने मंदिर में प्रवेश किया। उसके बाद 1:08 मिनट में गुलाबी पगड़ी पहने चम्याल खाम ने प्रवेश किया। उसके बाद 1:36 मिनट पर गहड़वाल खाम ने मंदिर में प्रवेश किया। सबसे आखरी में पीली पगड़ी पहने लमगड़िया खाम ने प्रवेश किया। सभी खामों के प्रवेश के बाद प्रधान पुजारी द्वारा मंदिर से शंखनाद किया गया जिसके बाद 2:14 मिनट पर बगवाल शुरू हुई। बगवाल शुरू होते ही माँ के जयकारों से पूरा खोलीखाण दुवाचौड़ मैदान के साथ पूरा मंदिर गुंजियमान हो गया। पीठाचार्य पंडित कीर्ति बल्लभ जोशी का कहना है कि फल फूलों से चार खाम और सात थोकों के बीच खेली जाने वाली यह बगवाल देखने वालों के लिए भी फलदाई है बताया कि इस बार 10 क्विंटल से अधिक फलों से खेली गई। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटी का उच्चीकरण- मानकों का परिक्षण कर टाइप ए से टाइप बी में किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवीधुरा सुविधाओं का उच्चीकरण, एम्बुलेंस की तैनाती, व आवासीय परिसर का सुधारीकरण किया जाएगा। नगर पंचायत पाटी की स्थापना की जाएगी कालसन ठाठा मोटर मार्ग से रुबनोली सुदर्का ठाठा मार्ग का सुधारीकरण किया जाएगा। देवीधुरा मेला बगवाल हेतु यथोचित धनराशि दी जाएगी। चौड़ाख्याली सीम मोटर मार्ग, रुपनियां रीठाखाल मोटर मार्ग 02 किमी का निर्माण किया जाएगा। भींगराड़ा मंदिर स्थल का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। मेरौली से करौली मोटर मार्ग सुधारीकरण व मेरौली में रतिया नदी में पुल निर्माण किया जाएगा। तुंगीधार सकदेना टाकबलवाड़ी अजा बस्ती में 3 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। ज्योसुड़ा से निलोटी से क्विडागांव 02 किमी मोटरमार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी द्वारा भी मां बाराही के दर्शन कर सभी की खुशहाली की कामना की तथा जनता को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा, ब्लॉक प्रमुख सुमनता, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, बाराही मंदिर समिति संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष खीम सिंह लमगड़िया , हयात सिंह मेहरा, मोहन सिंघवाल, रोशन लमगड़िया, राजेन्द्र बिष्ट, गिरीश सिंघवाल, ईश्वर सिंह बिष्ट, प्रकाश मेहरा, चेतन चम्याल, गौरव सिंघवाल, अमित लमगड़िया, गोगुल कोहली, नवीन मेलकानी तथा प्रशासन से जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधिक्षक देवेन्द्र पींचा, सीडीओ आरएस रावत, एडीएम हेमंत वर्मा, एसडीएम सौरभ असवाल सहित जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रही।

# डीएम ने की पेयजल योजनाओं की समीक्षा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट में जनपद में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की भौतिक/ वित्तीय प्रगति, अवशेष नई तथा पुनरीक्षित डीपीआर पर चर्चा एवं अनुमोदन के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल निगम अल्मोड़ा, रानीखेत, भिकियासैण, उत्तराखण्ड जल संस्थान अल्मोड़ा, रानीखेत एवं सिंचाई विभाग अल्मोड़ा द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्तमान में किये गये भौतिक कार्यों व अवशेष कार्यों की प्रगति ली। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एफएचटीसी(कार्यात्मक घरेलू नल कनैक्शन) के लक्ष्य को माह दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अवशेष नई तथा पुनरीक्षित डीपीआर में धनराशि की मांग बढ़ गयी है उसकी पूर्ण जानकारी डीपीआर बनाते समय स्पष्ट उल्लेख किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन ग्रामों में इस योजना का कार्य अन्तिम चरण में है उस कार्य को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां



पर पुनरीक्षित डीपीआर बनाने की आवश्यकता पड़ रही है उसमें उन सभी बिन्दुओं की जानकारी का उल्लेख किया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों को तेज गति से करते हुये 31 दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि यह योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसे मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी ने थर्ड पार्टी द्वारा जनपद में पेयजल योजनाओं का सत्यापन किये जा रहे कार्यों की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों से की। ंजिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि इस कार्य में मैनपावर को बढ़ाया जाय ताकि योजना अपने समय से पूर्व पूर्ण हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंण्डे, परियोजना निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रत्येक मनुष्य मे परमात्मा ने सप्तऋषि दिए है: आचार्य चन्द्रदेव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आर्यसमाज हल्द्वानी में आयोजित वेद प्रचार कार्यक्रम में फर्रुखाबाद से पधारे आर्य उपदेशक आचार्य चन्द्रदेव जी महाराज ने कहा कि परमपिता परमात्मा ने सृष्टि की रचना करते हुए मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ प्राणी के रूप में बनाया। क्योंकि मनुष्य कर्म और भोग योनि है। शेष सभी योनियां केवल भोग योनि हैं। इसी जीवन में मनुष्य उत्तम कर्म करके देव बन सकता है। ऋषि बन सकता है, मर्यादा पुरुषोत्तम बन सकता है और इसी मनुष्य जीवन में वह असुर, राक्षस और पिशाच बन सकता है। उन्होंने कहा कि देव बनने के लिए ऋषियों का ज्ञान है और राक्षस बनने के लिए किसी ज्ञान की आवश्यकता नहीं है। परमात्मा ने प्रत्येक मनुष्य के शरीर में ही सप्तर्षि प्रदान किए हैं। प्रत्येक ज्ञानेंद्रिय जब विचार पूर्वक उन्नत ज्ञान प्राप्त करती है तो वह ऋषि बनने की ओर बढ़ती है। पांच ज्ञानेंद्रिय के साथ बुद्धि विचार के लिए और मन संकल्प के लिए दिए हैं। इस प्रकार सप्तर्षी प्रत्येक मनुष्य के शरीर में ही हैं। आचार्य जी ने कहा कि परमात्मा सभी मनुष्यों का परम मित्र है, मित्र की कसौटी पर खरा उतरता है। क्योंकि नीतिकारों ने मित्र के कुछ लक्षण बताए हैं- जो पाप से छुड़ाएंश हितकारी कार्य में लगाए छुपाने योग्य बात को छुपाए, गुणों को प्रकट करे, आपत्ति आने पर भी न छोड़े और समय



आने पर सहायता करे वही मित्र होता है। ऐसे मित्र संसार में दुर्लभ हैं। परंतु परमात्मा इन सभी 6 कसौटियों पर खरा उतरता है, इसीलिए वही सच्चा और परम मित्र है। इस अवसर पर पंडित मोहित शास्त्री ने ईश्वर भक्ति के उत्तम भजन प्रस्तुत किए, सुमधुर संगीत ने सभी का मन मोह लिया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चंद्रदेव और मुख्य अजमान आर्यप्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. विनय खुल्लर एवं ममता खुल्लर रहे। कार्यक्रम का संचालन आर्य समाज के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान डॉक्टर विनय विद्यालंकार ने किया। इस दौरान धर्माचार्य विनोद आर्य, राजकुमार राजोरिया, मुकेश खन्ना, रविकांत महेश्वरी, मनजीत वालिया, कृष्णा देवी, ढाल कुमारी शर्मा, सोबरन शर्मा, संतोष भट्ट, पीयूष आर्य, मुनेश आर्य, राकेश गुप्ता, हरिश्चंद्र पन्त एवं यमुनादत्त बेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# जन सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं: धामी

खटीमा(उद संवाददाता)। विश्व में जन सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहियाहेड गेस्ट हाउस में जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों तथा दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो कार्य जिस स्तर का है, उसी स्तर पर उसका समाधान हो जाना चाहिए और फाइलों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए 1064 का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए और कार्यालयों के बाहर भी नंबर चस्पा किया जाए। सीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु खोदी गई सड़कों को भरने के लिए जल संस्थान तथा लोनिवि के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सभी औपचारिकताएं 15 सितंबर तक पूर्ण करने तथा 16 सितंबर से खोदी गई सड़कों को भरने का काम शुरू करने के निर्देश दिए। सीएम ने निर्देशित



करते हुए कहा कि बाजपुर में लेबड़ा नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु सभी कार्य योजनाओं में सीएम घोषणा के अंतर्गत बजट उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने एनआरएलएम के अंतर्गत जनपद में की जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि राज्य को सभी क्षेत्रों में देश का नंबर 1 राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर देश का अग्रणी जनपदों में शामिल हो और जनपद के स्थानीय उत्पादों को विशेष पहचान मिले, स्पेशल ब्रांड बनें और देश के नंबर 1 उत्पाद बनें, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाए। इसके साथ ही सीएम ने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में भ्रष्टाचार मुक्त एप तथा 1064 नंबर का कार्यालयों में चस्पा कराया गया है। आपदा के दृष्टिगत विभिन्न क्षेत्रों की कार्य योजनाएं तैयार हैं और जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों के साथ ही अन्य विकास कार्यों की भी समय समय पर प्रगति समीक्षा की जा रही है। बैठक में विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने बाढ़ प्रभावितों का जाना हाल

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को दाढांकी बाढ़ प्रभावितों के लिए बनाए गए राहत शिविर सेंट फ्रांसिस स्कूल पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर, बाढ़ से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली और राहत शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने के लिए जिलाधिकारी



को आवासीय पट्टे आवंटित करने, पीएम आवास योजना एवं गरीब कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को कर्ज करते हुए बाढ़ प्रभावितों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए । उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ से निजात हेतु एवम बाढ़ सुरक्षा हेतु तैयार की जा रही कार्य योजनाओं की गहनता से समीक्षा व निगरानी करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। सीएम ने कहा कि दैवीय आपदाओं को रोका नहीं जा सकता लेकिन प्रभावितों को समय से राहत पहुंचकर उसके प्रभावों को जरूर कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ने निर्देशित करते हुए कहा कि मानवीय भूल एवम लापरवाही के कारण आपदाएं घटित न हों, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# धर्म व परमात्मा का साथ किसी भी स्थिति में न छोड़ें : चैतन्यपुरी

## श्री हरि कृपा आश्रम में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन पर्व

रामनगर (उद संवाददाता)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन में उपस्थित हजारों भक्तों को संबोधित करते हुए श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने कहा कि सदा सर्वदा धर्म का पालन करना चाहिए। धर्म व परमात्मा का साथ किसी भी स्थिति में न छोड़ें। धर्म हमें कर्म या कर्तव्य का त्याग करना नहीं सिखाता। उसकी आसक्ति का तो त्याग करने का संदेश अवश्य देता है। जिससे कि व्यक्ति कर्म के बंधन से मुक्त हो जाए। लौकिक कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए पारलौकिकता के मार्ग पर आगे बढ़ सके। इसमें धर्म लौकिकता व पारलौकिकता के बीच एक अनूठे सेतु का कार्य करता है। कर्म, भक्ति व ज्ञान का सुन्दर समन्वय स्थापित करके धर्मशील प्राणी अपने जीवन को दिव्य ,आदर्श व मर्यादित बना सकता है। उन्होंने कहा कि कर्म, भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती है भारतीय संस्कृति। कर्म ही पूजा है कहने की अपेक्षा कर्म भी पूजा बन सकता है। जिस कार्य के साथ विचार, विवेक या ज्ञान ना हो ऐसा हर कार्य पूजा कहलाने का अधिकारी नहीं हो सकता। बिना विचारे किया हुआ कर्म तो पश्चाताप ग्लानि व शर्मिंदगी के अलावा कुछ भी प्रदान नहीं कर सकेगा। कर्म के साथ यदि ज्ञान व भक्ति का सुन्दर समन्वय स्थापित कर दिया जाए तो जहाँ एक ओर हमारा हर कर्म पूजा कहलाने का अधिकारी हो सकेगा वही हमारे जीवन का सौंदर्य निखर उठेगा । व जिस सच्चे सुख आनंद से लाख प्रयास करने के बावजूद वंचित थे उसे प्राप्त करने के अधिकारी बन जाएंगे।हमारा जीवन उच्चता, दिव्यता व महानता से भर उठेगा।अतः श्रम व श्रद्धा का अनूठा संगम स्थापित करें। उन्होने कहा कि जीवन में विनम्रता, सरलता ,सादगी व संयम को अपनाना चाहिए । कुछ ऐसा कार्य करना चाहिए कि संसार में लोग हमें याद ही नहीं बल्कि अच्छाई से सदैव याद रखें। हमारे ह्रदय उदार व विशाल होने चाहिए।आज मनुष्य का मस्तिष्क विशाल तथा ह्रदय सिकुड़ता चला जा रहा है।अकड़ या अभिमान नहीं होना चाहिए। दुश्मन को हराने वाले से भी महान वे हैं जो उन्हें अपना बना लें।अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया।सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया "व लाठी वाले भैया की जय जयकार से गूंज उठा। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर नैनीताल उतराखंड में विभिन्न स्थानों के हजारों भक्त व श्रद्धालु सदगुरूदेव भगवान लाठी वाले भैय्या के दर्शन, वचनामृत पान व रक्षा सूत्र बांधा। भक्तों के विशेष प्रेमपूर्ण आग्रह पर इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 7 सितंबर को श्री महाराज जी गढीनेगी में ही मनायेंगे ।



# हिलजात्रा मेला की व्यवस्थाओं को लेकर डीएम ने दिए दिशा निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में आगामी 4 सितंबर को कुमोड़ में आयोजित प्रसिद्ध हिलजात्रा मेले की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने के सम्बन्ध में एक बैठक हिलजात्रा समिति के सदस्यो एवम सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ संपन हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर अनिल कुमार शुक्ला एवम पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए कि मेला स्थल पर कोई अप्रिय घटना न हो व भगदड़ न मचे एवम भीड़ अनियंत्रित न हो इस हेतु आवश्यक तैयारी कर कार्यवाही करना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने मेला समिति के सदस्यो से भी मेले के सफल आयोजन में पुलिस विभाग को सहयोग देने को कहा। मेला समिति के सदस्यो ने जिलाधिकारी को उनके वाउलेंटियर्स के माध्यम से पुलिस विभाग को सहयोग देने की सहमति दी। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर, पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए कि वे मेले के सफल आयोजन हेतु सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आगामी 3 सितंबर को एक बैठक कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए कि क्षमता से अधिक लोगों को घरों की छतो पर एकत्रित न होने दिया जाए, मेला स्थल पर आने वाले इंट्री स्पॉटो में पुलिस बल की तैनाती करने, बेरीकेडिंग करने एवम सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक पंत, मेला समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।



# बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर की दीर्घायु की कामना

काशीपुर( उद संवाददाता)। भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व यहां क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जा रहा है। तमाम स्थानों पर बुधवार की रात 9:00 बजे के बाद भद्रा काल खत्म होते ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की तो वही अधिकांश आज गुरुवार को श्रावण मास की पूर्णिमा के मौके पर रक्षाबंधन पर्व को उत्साह पूर्वक मना रहे हैं। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में जहां आज भी राखी, मिठाई व गिफ्ट की दुकानों पर लोगों की भीड़ जमी रही वही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए प्रमुख चौराहे व बस अड्डे पर बहनों को सवारियों के इंतजार में खड़े देखा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता था लेकिन इस वर्ष भद्रा काल के कारण भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन ज्योतिषियों के अनुसार दो दिन का हो गया। बुधवार 30 अगस्त को पूरे दिन भद्राकाल होने के कारण रक्षाबंधन पर्व रात्रि 9:00 बजे के बाद मनाया गया तो वहीं दूसरी ओर 31 अगस्त यानी आज रक्षाबंधन का योग सुबह 7:07 से पूर्व होने के कारण क्षेत्र में पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही बाजार गुलजार हो गए। उपहार कपड़े मिठाई आदि की दुकानों पर लोगों की भीड़ जम गई। स्नान ध्यान के पश्चात सुबह सवेरे बहनों ने हाथ में पूजा की थाली लेकर भाइयों की आरती उतारने के बाद उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे। मिठाई खिलाकर बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया तो भाइयों ने भी बहनों को यथासंभव उपहार भेंट किए। ऐसे ही औद्योगिक स्थान महुआखेड़ा गंज आईटीआई व कुंडा थाना क्षेत्र के अलावा जसपुर व बाजपुर में भी रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि सुबह 30 अगस्त को 10:58 पर शुरू हुई लेकिन इसी के साथ भद्रा काल भी लग गया। भद्रा काल में राखी बांधना अशुभ माना जाता है। 30 अगस्त को भद्राकाल रात्रि 9:03 पर समाप्त हुआ। इस दौरान शुभ मुहूर्त में भाई बहनों का यह पर्व तमाम स्थानों पर बुधवार को मनाया गया। इसी तरह गुरुवार को सुबह 7:07 से पूर्व रक्षाबंधन का योग बताया गया। यही कारण है कि गुरुवार सुबह सवेरे से ही बाजार गुलजार को उठे। हालांकि वैचारिक मतभेद के चलते खबर लिखे जाने तक यहां क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व मनाने का सिलसिला लगातार जारी है।



# मीना शर्मा ने कुष्ठ रोगियों को बांधी राखी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर किच्छा रोड स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंची। जहां उन्होंने सभी कुष्ठ रोगियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किच्छा रोड स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंची, जहां उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर सभी कुछ रोगियों सहित उनके बच्चों को राखी बांधी, उन्होंने कुष्ठ रोगियों को तिलक किया और राखी बांधी और इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने सभी कुष्ठ रोगियों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई,और कुष्ठ रोगियों के दीर्घायु और उनके अच्छे स्वास्थ्य लाभ की कामना की।






उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चीन का विवादित मानचित्र

एक तरफ भारत के साथ विवाद के मुद्दों पर बातचीत और उसे सुलझाने के लिए सहमति देने और दूसरी ओर जिन मसलों पर टकराव है, उसी को और जटिल बनाने की कोशिश करके चीन आखिर क्या हासिल करना चाहता है? पिछले कुछ वर्षों से लगातार चीन अपने इसी चेहरे के साथ पेश हो रहा है और दुनिया के सामने खुद को मासूम भी बताता रहता है। उसकी ताजा हरकत एक बार फिर यही साबित करती है कि या तो वह सीमा से जुड़े विवाद को और जटिल बनाना चाहता है या फिर अपनी अवांछित गतिविधियों से भारत को चिढ़ाना चाहता है। सवाल है कि दुनिया भर में अपने महाशक्ति होने का दंभ भरते हुए ऐसी निम्न स्तर की हरकतों के जरिए चीन क्या संदेश दे रहा है? खबरों के मुताबिक, चीन ने 'राष्ट्रीय मानचित्र जागरूकता प्रचार सप्ताह' के तहत सोमवार को 2023 के 'मानक मानचित्र' का नया संस्करण जारी किया है, जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई इलाकों को अपने क्षेत्र में दिखाया है। सीमा पर अलग-अलग तरीके से घुसपैठ और तनाव पैदा करने की कोशिशों से इतर यह दस्तावेजी तौर पर चीन की ऐसी हरकत है, जो उसके एजेंडे को दर्शाती है। स्वाभाविक ही भारत ने चीन के इस कथित नए नक्शे पर सख्त आपत्ति जाहिर की और उसके बेतुके दावे का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में साफ कहा गया कि चीन के जिस तथाकथित 'मानक मानचित्र' में भारत के इलाकों पर दावा किया गया है, उस पर हमने कूटनीतिक माध्यमों के जरिए सख्त विरोध जताया है। बयान में यह भी कहा गया है कि हम इस तरह के बेबुनियाद दावों को खारिज करते हैं। चीन की ओर से अगर इस तरह के कदम उठाए जाते हैं तो यह सीमा संबंधी विवादों को सुलझाने की जगह इसे और ज्यादा उलझाएंगे। चीन ने जिन इलाकों को अपने नक्शे में दर्शा दिया है, उन पर वह पहले भी दावा जताता रहा है। भारत को अपनी ही सीमा के बारे में बताने की जरूरत पड़ रही है तो इससे चीन की मंशा का ही पता चलता है। हालांकि यह भी सही है कि अगर चीन ने महज कथित नया नक्शा जारी कर दिया है तो सिर्फ इतने से भारत का कोई हिस्सा उसका नहीं हो जाता है। भारत का अपना क्षेत्र क्या है और उसे कैसे संभालना है, इसके बारे में किसी अन्य देश को बताने या उससे पूछने की जरूरत नहीं है। इसलिए इस संबंध में विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन को ठीक जवाब दिया है कि बेतुके दावे कर देने से दूसरे लोगों का क्षेत्र आपका नहीं हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि नए नक्शे के जरिए इस मामले को तूल देने की कोशिश तब सामने आई है, जब हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर हुई चर्चा को सकारात्मक दिशा में बढ़ने वाला बताया गया था। सवाल है कि एक ही समय में दो चेहरे के साथ चीन किस तरह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को एक ऐसे देश के रूप में पेश कर पाता है कि वह विश्व भर में विकास और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को संतुलित और न्यायपूर्ण बनाए जाने को लेकर प्रतिबद्ध है? विस्तारवाद की अपनी बेलगाम भूख की वजह से वह अपने पड़ोसी देशों को ही अगर तंग करता है, उनकी सीमाओं का अतिक्रमण करता है तो उसके सार्वजनिक दावों और वादों को किस तरह देखा जाएगा?

## समय से नहीं पहुंचने पर अधिकारियों पर भड़की विधानसभा अध्यक्ष

देहरादून (उद संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी शुक्रवार सुबह विधानसभा पहुंची। इस दौरान वहां पर मुख्य विभागों के अधिकारी भी पहुंचे। लेकिन कुछ अधिकारी समय से नहीं पहुंचे। जिस कारण विधानसभा अध्यक्ष भड़क गईं। विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने वाला है। सत्र की तैयारियों के लिए आज महत्वपूर्ण बैठक होनी है। जिसके लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी विधान सभा पहुंचीं। इस दौरान मुख्य विभागों के अधिकारी भी विधानसभा में मौजूद रहे। लेकिन कुछ अधिकारी समय पर वहां उपस्थित नहीं हुए। इस वजह से विधानसभा स्पीकर भड़क गईं। विधानसभा पहुंचकर स्पीकर ऋतु खंडूरी अधिकारियों के समय पर नहीं पहुंचने पर भड़क गईं। उन्होंने नदारद कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची मांगी है। इसके साथ ही समय पर विधानसभा पहुंचने के सभी को निर्देश दिए हैं। आज होने वाली बैठक में तैयारियों को लेकर अहम निर्देश दिए जाएंगे। विधानसभा में 11 बजे से मानसून सत्र को लेकर होने वाली बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में गढ़वाल कमिश्नर भी मौजूद हैं। बता दें कि मानसून सत्र को लेकर इस बैठक को बेहद ही अहम माना जा रहा है।

## खाई में गिरी पर्यटकों की कार, दो युवकों की मौत

कोटद्वार। चौलूसैन ऋषिकेश मार्ग पर परसुली खाल के पास एक हादसा हो गया। यहां पर्यटकों की कार गहरी खाई में जा गिरी। जिसकी वजह से उसमें सवार गौतम बुद्ध नगर के दो युवकों की मौत हो गई। गुमखाल चौकी प्रभारी मुकेश भट्ट ने बताया कि यूपी से दो युवक गुरुवार को अपनी कार से गुमखाल चौलूसैन सिलोगी मार्ग द्वारा ऋषिकेश जाने का मन बनाया। सिलोगी से करीब दो किमी पहले रोड पर उनकी कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। चीख-पुकार मचने और शोर होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही गुमखाल पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य चलाया। हादसे में कार में सवार दो युवकों ओमबीर (31) औक एक अन्य व्यक्ति सवार की मौके पर ही मौत हो गई। गुमखाल चौकी प्रभारी मुकेश भट्ट ने बताया कि खाई गहरी होने के कारण कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# आदित्य एल 1: सूर्य को जानने की जिज्ञासा

चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने आदित्य-एल-1 को सूर्य की कक्षा में पहुंचाने के अभियान में जुट गया है। इस यान को 2 सितंबर को प्रक्षेपित किया जाएगा। यदि इस अभियान में भारत सफल हो जाता है तो वह सूर्य का अध्यन करने वाला चौथा देश हो जाएगा। इसके पहले अमेरिका, रूस और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सूर्य पर शोध कर चुके हैं। इस अभियान का लक्ष्य सूर्य के प्रकाशमंडल (फोटोस्फेयर) और कोरोनामंडल (क्रोमोस्फेयर) के बीच की परत की गतिशीलता, तापमान, कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) और अंतरिक्ष मौसम समेत कई दूसरे पहलुओं का वैज्ञानिक अध्यन करना है। आदित्य एल सात पेलोड विद्युत चुंबकीय और चुंबकीय क्षेत्र परखने वाले उपकरण अपने साथ लेकर जाएगा। ये उपकरण सूर्य के अध्यन के उद्देश्य को पूरा करेंगे। यह अभियान शत-प्रतिशत स्वदेशी है और इसके प्रक्षेपण में करीब चार माह लगेंगे। यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर एक विशेष स्थान लैंग्रेज बिंदु-1 पर पहुंचेगा। यहां पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल खत्म हो जाते हैं। अतएव यहां शोध के अध्यन के लिए आदित्य-एल को ज्यादा ऊर्जा की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए इसे सूरज के विकिरण पराबैंगनी और एक्स किरणों तथा सूरज से निकलने वाली तीव्र ज्वालाओं का पृथ्वी के वायुमंडल पर क्या असर पड़ता है, यह जान लेना आसानी होगी। आदित्य जिन सात पेलोड को अपने साथ लेकर जाएगा उनमें से सात पेलोड सीधे सूर्य की गतिविधियों और कार्यप्रणाली पर नजर रखेंगे। तीन पेलोड सूर्य से निकलने वाली लपटों, उनमें अंतरनिहित कणों, सौर्य विकरण का अध्यन करते हुए निष्कर्ष व आंकड़े इसरो को भेजेंगे। एल-1 बिंदु पर अध्यन करने वाला यह विश्व का दूसरा अभियान है। इसके पहले 1995 में यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी ने सोलर तथा हीलियोस्पोरी आब्जर्वेटरी इसी लैंग्रेज बिंदु पर भेजा था। इसरो ने चांद के रहस्यों को जानने वाले अभियान का नाम चंद्रयान रखा हुआ है, लेकिन सूर्य के रहस्यों को ज्ञात करने वाले अभियान का नाम सूर्ययान नहीं रखा। इसे स्पष्ट करते हुए इसरो ने कहा है कि भारत का यह अभियान सूर्य की सतह पर नहीं उतर रहा है। इस कारण इसके साथ सूर्य, सूरज या सौर्य शब्द नहीं जोड़ा गया। लेकिन आदित्य भी सूर्य का ही पर्यायवाची है। इसलिए इसे आदित्य एल-1 नाम दिया गया है। चूंकि यह सूरज की जिस कक्षा पर केंद्रित होकर अध्यन करेगा उसे लैंग्रेज बिंदु कहा जाता है, इसलिए इस अभियान का नाम आदित्य एल रखा गया है। पृथ्वी से इसी लैंग्रेज बिंदु की दूरी 15 लाख किलोमीटर है। आदित्य एक उपग्रह की तरह सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाएगा। यह लगभग पांच वर्ष तक सूरज से निकलने वाली किरणों का गहन अध्यन करेगा। इस अभियान पर कुल 378 करोड़ रुपए की लागत आई है। सूरज की सतह पर प्रचंड रूप से गर्म तापमान होता है। इस तापमान की पृष्ठभूमि में सूरज की सतह पर उपलब्ध प्लाजमा का विस्फोट है। इस विस्फोट की वजह से लाखों टन प्लाजमा अंतरिक्ष में फैल जाता है। इसे सीएनई कहते है। इसे पूरे ब्रह्माण में फैलाने का काम प्रकाश की गति करती है। कभी-कभी यह प्लाजमा धरती के ओर भी आ जाता है। परंतु धरती के तीव्र चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव की वजह से यह धरती की कक्षा तक पहुंचने से पहले ही नष्ट हो जाता है। फिर भी धरती की तरफ आने के समय ही पृथ्वी की कक्षा में परिक्रमा कर रहे उपग्रहों को यह सीएमई हानि पहुंचाने का काम कर देती है। कई बार सीएमई धरती की परत को भेदकर धरती के वायुमंडल में भी प्रवेश कर जाती है। इसलिए आदित्य एल को सूर्य के निकट भेजकर पृथ्वी के वायुमंडल में जो तत्व नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं, उनको जानकर उन्हें निर्यत्रित करना भी है। इसलिए ऐसा भी माना जा रहा है कि आदित्य अंतरिक्ष में विचरण कर रहे उपग्रहों के की सुरक्षा के लिए वरदान भी साबित हो सकता है। दरअसल किसी भी ग्रह के पास पहुंचे बिना, उसके संपूर्ण रहस्यों को जानना असंभव है। इसलिए दुनिया के वैज्ञानिक सूर्य के निकट पहुंचकर उसके रहस्यों को उजागार करने के प्रयास में लगे हैं। भारत के आदित्य एल अभियान के पहले अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पार्कर यान ने एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह सूर्य से 4.27 करोड़ किलोमीटर की दूरी से गुजरा। किसी यान के लिए यह सूर्य से अब तक की निकटतम दूरी है। इससे पहले सूर्य के इतने नजदीक अप्रैल 1976 में जर्मन-अमेरिकी यान हेलियम-2 पहुंचा था। जॉन्स हॉपकिंस एप्लाइड भौतिकी के वैज्ञानिक ने सौरयान को प्रक्षेपित करने के बाद 78 दिन के भीतर यह सफलता प्राप्त करके एक किर्तिमान स्थापित किया है। यही नहीं इस यान ने और आगे बढ़ते हुए 5 नवंबर 2018 को 34-सौर क्षेत्र में भी पहुंचने में सफलता प्राप्त कर ली थी। 34 सौर या सूर्य-समीपक किसी भी ग्रह की कक्षा के उस बिंदु का कहा जाता है, जहां वह सूर्य के सबसे समीप होता है। यही नहीं, अब यह ऐसे स्थान पर पहुंच गया है, जहां उसे तापमान और तीव्र विकिरण का सामना करना पड़ रहा है। अब वैज्ञानिक शताब्दियों से पहेली बने इस तारे के रहस्यों की नई-नई गांठे खोलेंगे। इस अभियान में सूर्य से इसकी निकटतम दूरी 61.63 लाख किमी है। सूर्य से जुड़े जीवन संबंधी जिन रहस्यों को आज वैज्ञानिक जानने की कोशिश कर रहे हैं, उन रहस्यों में से अधिकांश का खुलासा हमारे ऋषि-मुनी हजारों साल पहले संस्कृत साहित्य में कर चुके हैं। जीव-जगत के लिए सूर्य की अनिवार्य उपादेयता को पहचानने के बाद ही सूर्य के प्रति निष्ठा जताने की दृष्टि से सूर्योपासना का शुरूआत हुई। सूर्य का अध्यन इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इसी साल वैज्ञानिकों ने जानकारी दी थी कि बैल के सींग के आकार में सूर्य का एक टुकड़ा टूटकर अंतरिक्ष में विलीन हो गया है। इस खगोलीय घटना को 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने अपने कैमरे में कैद भी कर लिया था। यह काम नासा के जेम्स वेब दूरबीन ने किया था। इससे पहले इस दूरबीन से ब्रह्मांड में चलायमान निहारिकाओं की अद्भुत तस्वीरें ली गई थीं। अंतरिक्ष मौसम के भविष्यवक्ता डॉ तमिता स्कॉव ने अपने ट्विटर हैंडल पर इन तस्वीरों का वीडियो भी साझा किया है। वीडियो में सूर्य का एक बड़ा हिस्सा टूटकर अलग होते दिख रहा है। सूर्य के उत्तरी ध्रुव पर यह घटना घटी थी। हमारे ब्रह्मांड में बहुत कुछ ऐसा होता रहता है, जो रहस्यों से भरा हुआ है। सूर्य में अग्नि का ज्वार निरंतर उठता रहता है। यही आग संसार को रोशनी देती है। सौर ऊर्जा के सभी उपकरण इसी आग को संग्रह करके चलाए जा रहे हैं। हालांकि सूर्य से अग्नि के हिस्से का टूटकर बिखरना कोई नई बात नहीं है। लेकिन यदि सूर्य का वास्तव में एक हिस्सा टूटकर गिरा है तो इसका गंभीर अध्ययन आवश्यक है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सूर्य का कोई टुकड़ा पहली बार टूटा है ? संभव है, पहले भी टूटा हो ? लेकिन जेम्स वेब जैसी शक्तिशाली दूरबीन नहीं होने के कारण उसके चित्र नहीं लिए जा सके हों ? यदि सूर्य का कोई भाग टूटा है, तो क्या इसका यह अर्थ निकाला जाए कि सूर्य का आकार अनजाने कारणों से घट रहा है ? या सूर्य के गोले के इर्द-गिर्द अग्नि के जो विस्फोट होते रहते हैं, वे सूर्य का आकार बनाए रखने का काम करते हैं। दरअसल इन अनुत्तरित प्रश्नों को लेकर भौतिक विज्ञानियों ने विकास और पृथ्वी पर इसके प्रभाव पर चिंता जताई है। कुछ भारतीय वैज्ञानिक सूर्य के टूटने की घटना को नई बात नहीं मान रहे हैं। सूर्य की प्रकृति में ऐसा होता रहता है, लेकिन इस बार टूटने की प्रक्रिया की तीव्रता अधिक थी। ऐसे भी अनुमान लगाए जा रहे हैं कि सूर्य का टूटा हुआ टुकड़ा फिर से अपनी जगह स्थापित हो जाए। क्योंकि सूर्य के प्रभाव के क्षेत्र में सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल काम करता है। अतएव यह आशंका ही निराधार है कि सूर्य का अंश टूटा है। यह न तो सूर्य के द्रव्यमान को प्रभावित करेगा और न ही पृथ्वी पर इसका कोई असर होगा। बावजूद इस घटना से पृथ्वी का दूर-संचार क्षेत्र प्रभावित होने की शंका जताई जा रही है। परंतु अभी इसके कोई संकेत देखने में नहीं आए है। सूर्य गैस से बना हुआ एक गोला है। नतीजतन इसकी सतह पर निरंतर परमाणु प्रतिक्रिया होती रहती है। ये प्रतिक्रियाएं यदि सूर्य के ध्रुवों के निकट होती रहती हैं तो इस घटना का कोई प्रभाव धरती पर नहीं पड़ेगा। चूंकि सूर्य के करीब पहुंचना आसान नहीं है, इसलिए इसे अभी तक वैज्ञानिक बहुत ज्यादा जान ही नहीं पाए हैं। इस नाते आदित्य एल सूर्य के कुछ नए रहस्य जरूर उजागर करेगा। जैसे कि चंद्रयान-1 ने पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पानी होने के प्रमाण दिए थे।

-प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार

# टेक्नोलॉजी प्रत्येक चुनौती का समाधान: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल तकनीकी के प्रभावी उपयोग के संबंध में बुधवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की ओर से विश्वविद्यालय सभागार में सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में उत्तराखण्ड के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों सहित 3 निजी विश्वविद्यालयों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी प्रयोग के संबंध में मंथन किया। इस सेमिनार में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के पूर्व निदेशक प्रो. ए. एन. राय सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर राजकीय विश्व विद्यालयों के सभी कुलपतियों ने विश्वविद्यालयों में डिजिटल तकनीकी के उपयोग एवं भावी कार्ययोजना के बारे में बारी-बारी से प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने इस पहल के लिए यूटीयू की सराहना की और कहा कि उनके प्रयासों से सभी विश्वविद्यालयों को एक मंच पर लाया गया है। उन्होंने ने कहा कि सेमिनार में हुए चिंतन एवं मंथन के निश्चित ही सार्थक परिणाम निकलेंगे। राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल तकनीकी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा में एक क्रांति लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी प्रत्येक चुनौती का समाधान है जिसका उपयोग टर्निंग प्वाइंट और गेम चेंजर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, परीक्षा प्रणालियों को हर एक स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ मूल्यांकन प्रणाली में पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता लायी जा सकती है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में टेक्नोलॉजी के उपयोग से जहां कार्यकुशलता में वृद्धि होगी वहीं पारदर्शिता भी बढेग़ी।। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस युग में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल व्यवस्थाओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रणालियों को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज के सेमिनार के माध्यम से उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी को बढ़ाने के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा। सेमिनार में नैक के पूर्व निदेशक प्रो. ए. एन. राय ने उच्च शिक्षा में मूल्यांकन और मान्यता की भूमिका से सम्बन्धित प्रस्तुतिकरण दिया। सचिव राज्यपाल रविनाथ रमन ने भी उच्च शिक्षा में डिजिटल टेक्नोलॉजी की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कुलपति यूटीयू प्रो0 ओंकार सिंह ने बताया कि राज्यपाल, उत्तराखण्ड की पहल पर विश्वविद्यालय ने इस सेमिनार को आयोजित किया है। प्रो0 ओंकार सिंह ने कहा कि राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के उत्तराखण्ड की उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों के लिए विश्वविद्यालय में जिम्मेदार, पारदर्शी एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण लाने के प्रयासों के अंतर्गत इस सेमिनार से सभी विश्वविद्यालयों में बेस्ट प्रैक्टिसेज को आपस में साझा करने का अवसर मिलेगा जिससे प्रदेश की उच्च शिक्षा में गुणवत्ता परिवर्तन लाने में गति मिलेगी। सेमिनार में कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय डॉ.ओ. पी.एस नेगी, कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन. के. जोशी, कुलपति जी.बी.पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन चौहान, कुलपति आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलपति संस्कृत विश्व विद्यालय प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्व विद्यालय प्रो. हेमचन्द्र, कुलपति कुमाऊं विश्व विद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलपति दून विश्व विद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति औद्यानिकी एवं वानिकी विश्व विद्यालय प्रो. परविंदर कौशल, कुलपतिउत्तराखंड विश्व विद्यालय प्रो. धर्मबुद्धि सहित सभी राजकीय विश्व विद्यालयों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।



# क्वारब पुल पर पहाड़ी से आया भारी मलबा, अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे बंद

नैनीताल(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा- हल्द्वानी को जोड़ने वाले क्वारब पुल पर पहाड़ी से भारी मलबा आने से नेशनल हाईवे बंद हो गया है। जिसकी वजह से मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना पाकर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है। पहाड़ी से मलबा आने के कारण हल्द्वानी- अल्मोड़ा एन एच पर आवाजाही पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से पुल से ठीक पहले बेरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक डाइवर्ट कर दिया गया है। मलबा आने के चलते यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाइवे अवरुद्ध होने के बाद से मार्ग के दोनों ओर जाम की स्थिति पैदा हो गई है। हाईवे पर सैंकड़ों वाहन जाम में फंसे हुए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से गंभीर हालात को देखते हुए फिलहाल खैरना से रुट डाइवर्ट किया गया है। नैनीताल और हल्द्वानी से अल्मोड़ा की ओर आने वाले वाहन रानीखेत होते हुए अल्मोड़ा आ सकते हैं। जबकि पिथौरागढ़ जाने वाले यात्री वाहनों को भीमताल खुटानी मार्ग से भेजा जा रहा है। जेसीबी की मदद से मार्ग को खोलने का कार्य किया जा रहा है।



# चकराता में पेड़ों के अवैध कटान के जांच के आदेश, कमेटी गठित

देहरादून(उद संवाददाता)। चकराता में बड़े पैमाने पर पेड़ों के अवैध कटान के मामले में प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच के लिए मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल नरेश कुमार की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी एक महीने के भीतर वन मुख्यालय को अपनी रिपोर्ट देगी। विभाग की ओर से चकराता वन प्रभाग की विभिन्न रेंजों में जल्द तलाशी अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। चकराता में बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों पर आरियां चली हैं। क्षेत्र में पेड़ों को काटे जाने के बाद विभाग की ओर से प्रकरण की जांच उस वन प्रभाग के अधिकारियों को दी गई थी जिसके वन प्रभाग क्षेत्र में पेड़ काटे गए थे। इससे विभाग की जांच पर सवाल खड़े हो रहे थे। मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल की अध्यक्षता में गठित जांच समिति में वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी दीप चंद्र आर्य, वन संरक्षक शिवालिक वृत्त देहरादून राजीव धीमान, प्रभागीय वनाधिकारी हरिद्वार वन प्रभाग नीरज शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी टिहरी वन प्रभाग पुनीत तोमर, उप प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वन प्रभाग किशोर नौटियाल, वन क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश देवेंद्र सिंह पुंडीर, वन क्षेत्राधिकारी मसूरी शिव प्रसाद गैरोला, वन क्षेत्राधिकारी टिहरी आशीष डिमरी और वन क्षेत्राधिकारी शिवपुरी अनिल पैन्यूली को शामिल किया गया है। आदेश में कहा गया है कि चकराता और टौंस वन प्रभाग के क्षेत्रीय स्टाफ को छोड़कर अन्य क्षेत्रीय स्टाफ को जरूरत के हिसाब जांच में सहयोग के लिए रखना तय करें। मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल नरेश कुमार ने उनकी अध्यक्षता में जांच टीम गठित होते ही संबंधित अधिकारियों की चार सितंबर को वन मुख्यालय में बैठक बुलाई है। मुख्य वन संरक्षक ने जारी निर्देश में कहा, मामले की जांच के लिए



वन प्रभाग की विभिन्न रेंजों में कॉम्बिंग ऑपरेशन (तलाशी अभियान) शुरू किया जाएगा। चकराता वन प्रभाग की कनासर रेंज सहित अन्य रेंजों और बीटों में भी पेड़ों के अवैध कटान की संभावना है। बैठक में तलाशी अभियान शुरू करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

# टीएमयू में हॉकी के जादूगर को किया नमन

मुरादाबाद (उद ब्यूरो)।तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस- राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित जिग-जैक हॉकी स्टिक विद बॉल प्रतियोगिता में बीपीएड के लव यादव अव्वल रहे। हिट द बॉल ऑन टारगेट विद हॉकी स्टिक की प्रतियोगिता में 10 गोल के साथ अनुज प्रताप विजेता रहे, जबकि 05-05 गोल के साथ यशराज और रिजवान द्वितीय स्थान पर रहे। स्टुडेंट्स नितिन और गौरव 04-04 गोल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कैच दा हॉकी स्टिक की प्रतियोगिता में बीपीएड की ईशा प्रथम और बीएफए की मानसी दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव ने बतौर मुख्य अतिथि और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा के अलावा दीगर कॉलेजों के स्पोर्टस को-ऑर्डिनेटर्स और फैकल्टीज ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनका भावपूर्ण स्मरण किया। बीपीएड के स्टुडेंट्स हिमांशु विद्यार्थी और गोधूली ने मेजर ध्यानचंद के जीवन यात्रा को संक्षिप्त रूप में बताया। इस मौके पर हॉकी और वालीबॉल की प्रतियोगिताएं भी हुईं। कार्यक्रम में स्पोर्टस को-ऑर्डिनेटर्स- इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रशान्त कुमार, सीसीएसआईटी के अभिलाष सक्सेना, फाइन आर्टस के अंकुर देव के संग-संग फिजिकल एजुकेशन के तौहीद अख्तर, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, उनमेश उथासैनी, यशचंद्र गंगवार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन एमपीएड के छात्र प्रशान्त पाण्डेय ने किया।

# उत्तराखंड में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 600 पार पहुंचा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। प्रदेश के मैदानी जिलों में डेंगू संक्रमण बढ़ रहा है। छह जिलों में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 600 पार हो गया है। डेंगू के कुल मामलों में 65 प्रतिशत देहरादून जिले के हैं। जबकि सात पर्वतीय जिलों ऐसे भी है जहां अभी तक डेंगू का एक भी मामला नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 28 अगस्त तक डेंगू के कुल 643 मामले सामने आए हैं। जबकि देहरादून में डेंगू से एक मरीज की मौत हो गई है। कुल मामलों में 418 मामले देहरादून जिले में मिले हैं। इसके अलावा हरिद्वार से 91, नैनीताल जिले से 89, पौड़ी से 38 मामले, चमोली में चार और ऊध मसिंह नगर से तीन मामले सामने आए हैं। डेंगू से बचाव के लिए आप पूरे बांह के कपड़े पहनें। बता दें कि डेंगू का मच्छर दिन के उजाले में ही काटता है इसलिए इस समय अपना बचाव करना ज्यादा जरूरी है। आपने हाथ-पैरों को ढकना ना भूलें। अपने घर के आस-पास पानी जमा ना होने दें। कहीं भी पानी जमा हो तो उसे तुरंत साफ कर दें। पानी कि टंकियों को पूरी तरह से ढक कर रखें। कूलर में अगर पानी है तो इसमें किरासन तेल डालें जिससे कि मच्छर पनप ना पाये। मच्छरों को दूर करने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छरों से बचने के लिए आप मस्कीटो रिपेलेंट जैसे- स्प्रे, मैट्स, कॉइल्स आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। मच्छर हमेशा गहरे रंग की तरफ आकर्षित होते हैं। इसलिए हल्के रंग के कपड़े पहनने से आप मच्छरों से बच सकते हैं। अपने घर के किचन, बाथरूम के सिंक और वॉश बेसिन में बिल्कुल भी पानी जमा न होने दें। इन सभी की कम से कम हफ्ते में एक बार अच्छी तरह से सफाई करें।

# उजाड़े जाने के खिलाफ कल रामनगर बंद का किया ऐलान

रामनगर(उद संवाददाता)। शुक्रवार को रानीखेत रोड पर अतिक्रमण के नाम पर उजाड़े जाने के खिलाफ विभिन्न सामाजिक एवं गैर राजनीतिक संगठनों के अलावा पीड़ित दुकानदारों की हुई सर्व दलीय बैठक में अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़े जाने को लेकर सरकार व वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कल शनिवार को रामनगर बंद का निर्णय लिया गया। सर्व दलीय बैठक लखनपुर चुंगी पर आयोजित की गई। बैठक में मौजूद प्रभात ध्यानी ने बताया कि सरकार और वन विभाग अतिक्रमण के नाम पर लोगों को जानने के साथ ही उत्पीड़न



की कार्रवाई कर रहा है जिसका विरोध किया जाएगा उन्होंने कहा कि आज सरकार और विभाग के फैसले से लोग डरे व सहमे हुए हैं लेकिन डबल इंजन की सरकार जनता को राहत देने के बजाय उनके अंदर खौफ पैदा कर रही है उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को लोकतांत्रिक तरीके से बाजार व्यापारियों की सहमति से बंद कराया जाएगा तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि रामनगर की जनता मानव श्रृंखला के रूप में सरकार के बुलडोजर के आगे खड़े होकर इसका विरोध करेगी उन्होंने प्रदेश की तानाशाह सरकार से जनता को राहत देने के साथ ही अतिक्रमण के नाम पर किए जा रहे हैं उत्पीड़न को बंद करने की मांग भी की है।

## पेज एक का शेष...

**शहीदों के सपनों का उत्तराखंड**.....पारिवारिक जनों को खोया है। सीएम ने कहा कि खुशी है कि सबके सहयोग से शहीद स्मारक का निर्माण हुआ है जिससे भावी पीढ़ी शहीद आंदोलनकारियों की यादों को जीवंत रख पाएगी। सीएम धामी ने कहा कि खटीमा गोलीकाण्ड ही एक ऐसा काण्ड था जिसने राज्य गठन में बड़ी भूमिका निभाई। सीएम धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखण्ड वासियों की मांग को अपने प्रधानमंत्री रहते हुए पूरा किया। राज्य की जनता उनकी सदैव आभारी रहेगी। सीएम धामी ने कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप हम उत्तराखण्ड राज्य को आगे ले जाने और यहां के विकास को बढ़ाने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। लगातार हम फैसले ले रहे हैं। कुछ कठिन फैसले भी सरकार ले रही है। जो हमारे लिए चुनौतियां है उन चुनौतियों का भी एक एक करके समाधान कर रहे हैं। नकल अध्यादेश लाना भी एक बड़ी चुनौती थी लेकिन सरकार ने इसे पूरा किया। नकल माफियाओं के गठजोड़ को सरकार ने खत्म करने का काम किया है। अब तक 80 नकल माफियाओं को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सरकार उत्तराखण्ड में नई कार्य संस्कृति पैदा कर रही है। भ्रष्टाचार मुक्त होने के साथ साथ सरकारी कार्यों में पारदर्शिता आयी है। आज शहीद आंदोलनकारियों का सपना साकार होता नजर आ रहा है। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे छोटे राज्य ने जी-20 की तीन बैठकें सफलता पूर्वक आयोजित करने का गौरव हासिल किया है। आज देश का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। सीएम धामी ने कहा कि हमें अपनी जिम्मेवारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है। इस दौरान धामी ने राज्य आंदोलनकारियों द्वारा सौंपे गये ज्ञापन पर सहानुभूमि पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व श्रद्धांजलि कार्यक्रम को केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, दान सिंह रावत, कमलेन्द्र सेमवाल, विकास शर्मा, सायरा बानो,रामू जोशी, भैरव दत्त पाण्डे, भगवान जोशी, हरीश चन्द्र जोशी, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी डा. मंजूनाथ टिसी आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**स्वप्न में बतायेस्थान की** ..से भगवान श्री कृष्ण जी पर अटूट विश्वास करता है। वह वृन्दावन धाम दर्शन करने को गया था,जहां से भक्ति में लीन हो गया। उसका कहना है कि अगर सच्चे मन से ईश्वर को स्मरण किया जाये तो,भक्त को भगवान दर्शन जरूर देते हैं। आखिर यह सच में भगवान का चमत्कार है या कहानी ये तो युवक और स्वयं भगवान ही जानते है। फिलहाल क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

**दरोगा के खिलाफ**..शुक्रवार को पत्रकारों ने दरोगा के खिलाफ धरना दिया। धरने के दौरान समर्थन देने पहुंचे पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कवरेज करना पत्रकारों का अधिकार है। कलम की ताकत को दबाने की कोशिश सहन नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि दरोगा का पत्रकारों के साथ व्यवहार अशोभनीय है। पत्रकारों विषम परिस्थितियों के बावजूद जनता की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास करता है। पुलिस कलम को नहीं बल्कि जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि दरोगा के खिलाफ जल्द ही एक्शन नहीं हुआ तो पूरे जिले में आंदोलन किया जायेगा। पत्रकार प्रेस परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तनेजा, जगदीश चन्द्र परमपाल सुखीजा, गोपाल शर्मा, प्रमोद धींगड़ा, अजय अनेजा, प्रमोद कुमार आदि ने भी समर्थन दिया। इस दौरान धरना देने वालों में गौरव बत्रा, मुकेश पाल, विकास तनेजा, नितिन छाबड़ा, उमर अली,शाहनूर अली, ठाकुर रामपाल सिंह, राकेश अरोरा, राजकुमार शर्मा, नितिन छाबड़ा ,शिवम छाबड़ा, निशांत गुप्ता आदि सहित तमाम मीडिया कर्मी मौजूद रहे। वहीं व्यापार मण्डल अध्यक्ष दीपक बेहड़, संदीप चावला ने समर्थन में धरना दिया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष विशु भुसरी भी समर्थन में धरने पर बैठे।

**चेन स्नेचिंग का एक** ... बबलू खान निवासी ठंडा नाला गूलरभोज गदरपुर बताया। जबकि फरार साथी का नाम इब्राहिम पुत्र मोहम्मद खुशी निवासी ठंडा नाला गूलरभोज गदरपुर बताया। कोतवाल ने बताया कि फरार चेन स्नैचिंग की तलाश की जा रही है। टीम में चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी महेश कांडपाल, अमित जोशी, विकास रावत,हयात चंद्र, सतीश पंत शामिल थे।

# व्यापारी एसोसिएशनों की बैठक आज सायं होगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधी मंडल के रूद्रपुर महानगर इकाई के होने वाले चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आज सायं व्यापार मंडल से सम्बद्ध सभी व्यापारिक एसोसिएशनों की बैठक आयोजित की जा रही है। दूरभाष पर बातचीत के दौरान व्यापार मंडल चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने बताया कि आज एक सितम्बर से महानगर क्षेत्र में सभी सम्बद्ध व्यापारिक एसोसिएशनों के माध्यम से सदस्यता अभियान प्रारम्भ कर दिया गया है। जो आगामी 30 सितम्बर तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आज सायं 5 बजे से सिटी क्लब में चुनाव से सम्बधित होने वाली बैठक में व्यापार मंडल से सम्बद्ध सभी व्यापारिक एसोसिएशनों के अध्यक्ष तथा महामंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में उनसे सदस्यता अभियान नियमानुसार आगामी 30 सितम्बर तक सम्पन्न कराने के साथ ही व्यापार मंडल चुनाव शांतिपूर्ण एवं पूर्ण पादर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाने पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। स. विर्क ने बताया कि चुनाव की तैयारियों को लेकर उन्हें चुनाव कमेटी सहित सभी व्यापारियों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

# शिक्षा विभाग ने स्कूल को भेजा मान्यता रद करने का नोटिस

देहरादून(उद संवाददाता)। शिक्षा विभाग ने देहरादून में स्थित सन वैली स्कूल को मान्यता रद करने का नोटिस दिया है। जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन पर आरटीआई के तहत बच्चों को प्रवेश न देने का आरोप है। मामला संज्ञान में तब आया जब बच्चों के परिजनों ने बाल आयोग में इसकी शिकायत कीबता दें नेहरू कॉलोनी स्थित सन वैली स्कूल को शिक्षा का अधिकार (राइट टू एजुकेशन) अधिकार के तहत एडमीशन के लिए सीट आवंटित की गई थी। जिसके तहत 25 बच्चों को एलकेजी में प्रवेश दिया जाना था। बावजूद इसके स्कूल प्रबंधन की ओर से अल्पसंख्यक संस्थान होने का हवाला देते हुए प्रवेश नहीं दिया गया।मामला जब बाल अधिकार संरक्षण आयोग तक पहुंचा तो आयोग ने शिक्षा विभाग ओर स्कूल प्रबंधन को तलब किया। मामले की जांच की गई तो स्कूल प्रबंधन अल्पसंख्यक का प्रमाण पत्र दाखिल नहीं कर पाया। इस पर शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्कूल को आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश देने के निर्देश दिए।शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने विभाग के आदेश को दरकिनार कर बच्चों को प्रवेश देने के लिए मना कर दिया। जिस पर कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूल को मान्यता रद करने का नोटिस भेजा है। जानकारी के अनुसार मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बच्चों का प्रवेश अन्य स्कूलों में कराया गया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 31 अगस्त 2023 को रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में कार्यालय में अवकाश होने के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ। पाठकों को हुई असुविधा । के लिये हमें खेद है।

**- सम्पादक**

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रक्षा बंधन पर्व पर रक्षासूत्र व जनेऊ किया धारण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) के तत्वाधान में रक्षाबंधन पर्व शैल परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्यों पं. दिनेश चन्द्र पन्त, पं. दीप चन्द्र जोशी, पं. सतीश लोहनी एवं पं. त्रिलोचन पनेरू ने मंत्रोजाप के साथ विधि विधान से रक्षा सूत्र व जनेऊ को पवित्र करने के पश्चात उपस्थित लोगों को जनेऊ धारण करवाई। पंडित दिनेश चंद्र पंत ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जनेऊ के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के माध्यम से मानव परमात्मा के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करता है। इसी क्रम में रक्षाबंधन व ऋषि तर्पण श्रावण मास की पूर्णिमा को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पंडित सतीश लोहनी ने बताया कि ऋषि तर्पण मुख्यत: जनेऊ बदलने का पर्व है। जनेऊ 96 चक्र व 96 हजार ऋचाओं अर्थात दो लोकों का प्रतीक माना जाता है तथा तीन धागे (सूत्र) शरीर (पौरूष) वाणी एवं मन मस्तिष्क को वश में करने का माध्यम माना गया है। इस अवसर पर शैल परिषद के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में अपने बच्चों को अवश्य प्रतिभाग कराना चाहिए। ताकि बच्चे अपनी संस्कृति को जान सकें और संस्कारवान बन सकें। शैल समिति के महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे ने कहा कि ऋषि तर्पण नारायणी पूर्णिमा, श्रावणी पूर्णिमा एवं कजरी पूर्णिमा के रूप में पूर्व- पश्चिम व उत्तर-दक्षिण में पूरी श्रद्धा व सदभाव से मनाया जाता है। उत्तराखंड में यह पर्व जन्यो- पुन्यो व ऋषि तर्पण के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर शैल सांस्कृतिक समिति रूद्रपुर के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडे, कोषाध्यक्ष डीके दनाई, राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, हरीश दनाई, धीरज पांडे, राजेन्द्र बलौदी, मोहन उपाध्याय, पूर्व वीसी डा. बीएस बिष्ट, उत्तम सिंह जन्तवाल, मनोज जोशी, विद्यासागर पाठक, डा. एलएम उप्रेती, डीडी गुणवन्त, कार्तिकेय उप्रेती, रितेश मिश्रा, सुधीश मालवीय, राधश्याम शुक्ल, महेश्वर सिंह रौतेला, देवेंद्र जोशी, कृष्णा मिश्रा, सुदर्शन सिंह चौहान, खिमानंद जोशी, कैलाश चंद्र जोशी, हर्षित दनाई, आदित्य जोशी, आनंद मणि नौटियाल, आयुष, चंद्र बल्लभ घिंडियाल , रमेश चंद्र जोशी, राजेश्वर जोशी एल, नरेंद्र सिंह रावत,राधा कृष्ण पांडे, कार्तिक काण्डपाल आदि उपस्थित रहे।



# दबंगों ने फल विक्रेता को मारपीट कर किया अधमरा

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात हथियारों से लैस अज्ञात दबंगों ने मामूली बात पर एक फल विक्रेता को मारपीट कर अधमरा करते हुए हजारों की नगदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। घायल का पुलिस ने राजकीय चिकित्सालय में मेडिकल कराया है। पुलिस को दी तहरीर में टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र निवासी जयदेव नामक व्यक्ति ने बताया कि वह टांडा उज्जैन चौराहे पर फल का ठेला लगाया करता है। बीते 29 अगस्त की शाम जाटव बस्ती टांडा उज्जैन निवासी एक व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए ठेला पलटने की धमकी दी। आरोप है कि 30 अगस्त की रात्रि लगभग 9:30 बजे उपरोक्त व्यक्ति अपने दर्जनों साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर टांडा उज्जैन चौराहे पर पहुंच गए। और फल विक्रेता के साथ गाली गलौज करते हुए उसे गली में घसीट कर धारदार हथियारों से प्राण घातक हमला करते हुए उसका सिर फाड़ डाला। मारपीट के दौरान आरोप है कि फल विक्रेता का 7200 रुपए पैन कार्ड आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड आदि जेब से जबरदस्ती निकाल लिया और मौके से फरार हो गये। घायल फल विक्रेता द्वारा पुलिस को दी तहरीर में यह भी बताया गया कि दबंगों से उसे तथा उसके परिवार को जान माल का खतरा है।



# बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांध मनाया रक्षाबंधन पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षा बंधन गत दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्योतिषीय गणनाकारों के सुझाव पर भद्रा काल के चलते गुरुवार सुबह पूजा-पाठ करने के बाद सात बजे तक ही राखी बांधने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर उनसे न सिर्फ रक्षा का वचन लिया बल्कि बहनों ने अपने छोटे भाइयों को ढेर सारा आर्शीवाद भी दिया। अनेक बहनों ने बुधवार शाम तो अधिकांश बहनों ने गत दिवस अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। जो भाई बहन किन्ही कारणों से एक दूसरे के पास नहीं पहुंच सके उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पर्व की खुशी मनाई। इस मौके पर भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। पर्व को लेकर बाजारों में राखी के स्टालों व मिठाई सहित उपहार की दुकानों पर खरीददारों किकाफी भीड़ उमड़ी रही। रूद्रपुर, केलाखेड़ा, काशीपुर, जसपुर, बाजपुर, गदरपुर, सुल्तान पुर पट्टी, सितारगंज, किच्छा, खटीमा, नानकमत्ता, शांतिपुरी, दिनेशपुर क्षेत्रों में पर्व को लेकर खासा उत्साह रहा। युवाओं द्वारा आसमान में रंगबिरंगी पतंग उड़ाकर पतंगबाजी का भी खूब आनंद लिया गया। भारी संख्या में लोगों द्वारा मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ देवी देवताओं को रक्षासूत्र बंधे गए। वहीं अपने गुरुजनों को रक्षासूत्र बांध उनका आर्शीवाद लिया।



# झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के साथ मनाया रक्षाबंधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।समाज सेवी डॉ उषा नरेंद्र जैन ने अपनी टीम के साथ झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों और उनके परिजनों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर डॉ.उषा नरेंद्र जैन ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहुत सारी ऐसी कलाइयों हैं जो अपने कठिन काम की वजह से सूनी रह जाती है और हमारे समाज का ऐसा एक गरीब तबका जो झुग्गी झोपड़ी में अपना जीवन व्यतीत करता है। उनका भी मन करता है त्यौहार मनाने का लेकिन कई बार गरीबी और लाचारी की वजह से नही मना पाते है। अगर हम इस त्यौहार पर भले एक दिन की ही सही अगर उनके चेहरे पर मुस्कान ला पाएं तो हमारे मन को शांति मिलती है। इस दौरान डॉ.उषा नरेंद्र जैन की टीम ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को और उनके परिवारजनों को टीका लगाकर ,रक्षा सूत्र बांधा और मिठाइयों, बिस्कुट भी खिलाया साथ में कपड़े और बच्चों को किताबें भी बांटी। सभी बच्चों को श्रीमती राधा सुभाष ने और ममता नेगी ने पढ़ाई के प्रति भी जागरूक किया।




गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338